पत्रिका

Big News: अंग्रेजी शराब की बोतलों में नकली शराब की सप्लाई, दो फैक्ट्री पकड़ी

Supply of spurious liquor in English liquor bottles, two factories caught in sikar. सीकर. राजस्थान के सीकर जिले में आबकारी विभाग ने दांतारामगढ़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की दो फैक्ट्री पकड़ी है। दोनों फैक्ट्री दो पड़ौसी 50 मीटर की दूरी में चल रहे थे। जहां स्प्रिट से बनी नकली शराब अंग्रेजी शराब की बोतलों में भरकर सप्लाई की जा रही थी। आबकारी विभाग की टीम ने दोनों जगह से भारी मात्रा में स्प्रिट, शराब, खाली प्लास्टिक के पव्वे, अंग्रेजी शराब के ढक्कन व सीलिंग मशीन जब्त की है। आबकारी सीआई मुकेश भाकर ने बताया कि सीकर दक्षिण आबकारी सीआई यशवंत सिंह राठौड़ को मुखबिर से नया बास में नकली शराब की फैक्ट्री की सूचना मिली थी। इस पर टीम ने शनिवार शाम को दबिश दी तो दो जगह नकली शराब बनती पाई गई। जांच की तो 22 लीटर स्प्रिट, उससे निर्मित 624 पव्वे, खाली प्लास्टिक के 3680 पव्वे, अंग्रेजी शराब के ढक्कन, स्टिकर रोल और सीलिंग मशीन मिली।

अंग्रेजी शराब के ढक्कन व पव्वे मिले

सीआई भाकर ने बताया कि आबकारी टीम को मौके से रोयल स्टेग, एमसीडी वन रम, विंटेज के ढक्कन, ढोलामारू के लेबल व जीएसएम के पव्वे मिले। जाहिर है कि फेक्ट्री में स्प्रिट से बनी शराब उन बोतलों में भरकर सप्लाई की जा रही थी।

Source: https://www.patrika.com/sikar-news/supply-of-spurious-liquor-in-english-liquor-bottles-two-factories-ca-8010911